लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5152
24 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तमिलनाडु में कपास खरीद केंद्र

5152. श्री टी. एम. सेल्वागणपतिः
डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने तमिलनाडु में कोई कपास खरीद केंद्र खोले हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सीसीआई ने 1 अक्टूबर, 2025 से इस वर्ष अब तक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 45 लाख गांठों से अधिक कपास की खरीद की है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान इसकी कीमतों सहित तमिलनाडु में इसके खरीद केंद्रों के माध्यम से सीसीआई द्वारा खरीदी गई कपास की मात्रा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हाल के वर्षों के दौरान सीसीआई द्वारा कपास की खरीद में गिरावट आई है और सीसीआई ने 1 अक्टूबर, 2025 से अब तक तमिलनाडु से कपास की एक भी गांठ नहीं खरीदी है और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(घ) क्या विभिन्न कारणों से प्रति एकड़ उपज में भारी कमी आने के कारण देश के कपास किसान घाटे में चल रहे हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या कपास उत्पादक क्षेत्रों में बेमौसम बारिश के कारण अक्टूबर और नवंबर में बाजार में आए कपास की गुणवत्ता खराब थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क): सीसीआई ने कपास सीज़न वर्ष 2025–26 में, कोयंबटूर में अपने शाखा कार्यालय के तहत तमिलनाडु के 8 जिलों में 9 खरीद केंद्र खोले हैं। केंद्रों का जिलेवार विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	ज़िला	केंद्र का नाम
1.	त्रिची	थुरैयुर
2.	सलेम	कोंगनापुरम
3.	पर्माबालुर	पर्माबालुर
4.	धर्मपुरी	हारूर
5.	विरुधनगर	राजपलयम
		अरुपुकोट्टई
6.	अरियालुर	अरियालुर
7.	थेनी	थेनी
8.	थूथुकुड़ी	कोविलपट्टी

(ख) और (ग): भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने कपास सीज़न वर्ष 2025-26 (दिनांक 1 अक्टूबर, 2025 से) के दौरान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसएपी) अभियान के तहत 23.68 लाख किसान ट्रांज़ैक्शन के द्वारा देश में लगभग 522 लाख क्विंटल बीज कपास (104.86 लाख गांठ के बराबर) की बड़ी खरीद की है, जिसकी कीमत 41,518 करोड़ रुपये है।

तमिलनाडु के संदर्भ में, वर्तमान कपास सीज़न में राज्य के किसानों को आम तौर पर एमएसपी से ज़्यादा अच्छे बाजार मूल्य मिलने या सीसीआई के खरीद सेंटर पर एमएसपी पर कपास नहीं बेचने के कारण एमएसपी अभियान बहुत कम रहे हैं। यद्यपि, कपास सीज़न 2019-20 में, कोविड-19 महामारी के दौरान, जब बाजार की स्थिति ठीक नहीं थी, तब सीसीआई ने तमिलनाडु के किसानों को लगभग 0.29 लाख किसान ट्रांज़ैक्शन के द्वारा 78 करोड़ रुपये मूल्य की 0.28 लाख गांठ के बराबर कॉटन बीज खरीदकर सहायता की थी।

(घ) और (ङ): कपास की उपज और गुणवत्ता पर खेती और मौसम से संबंधित कई घटकों का प्रभाव पड़ता है, जिसमें कीड़े लगना और बारिश का पैटर्न; कुछ इलाकों में, अक्टूबर-नवंबर के दौरान बेमौसम बारिश की वजह से नमी आना और क्वालिटी में बदलाव आना शामिल है। वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक क्षेत्र, उत्पादन और उपज दर्शाने वाला एक विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है। इसके अलावा, देश में किसानों द्वारा एमएसपी दर पर दिया जाने वाला सारा कपास राज्य सरकारों द्वारा घोषित निर्दिष्ट दिशानिर्देशों और जिलेवार पैदावार के अनुसार खरीदा जाता है। अतएव, वर्तमान कपास सीजन 2025-26 की तुलना में वर्ष 2024-25 के दौरान एमएसपी अभियान के तहत कपास की राज्यवार खरीद **अनुबंध-II** में संलग्न है।

अनुबंध- I

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू)

कपास का राज्यवार क्षेत्रफल, उत्पादन और उपज, (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26)

स्रोत: डीएएंडएफडब्ल्यू

राज्य	क्षेत्रफल (हजार हेक्टेयर)					उत्पादन (हजार गठिं)					उपज (किलोग्राम / हेक्टेयर)				
	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
आंध्र प्रदेश	554.00	704.00	422.00	404.00	542.00	1707.62	1540.52	737.26	1131.20	1211.53	524	372	297	476	380
गुजरात	2283.70	2483.73	2683.32	2371.65	2095.79	7509.34	8795.33	9056.99	7156.80	6607.90	559	602	574	513	536
हरियाणा	635.60	574.61	577.68	398.46	393.51	1316.06	1000.50	1508.76	1176.63	974.52	352	296	444	502	421
कर्नाटक	674.00	949.00	743.00	678.00	881.00	1954.60	2567.88	2058.55	2273.29	2150.68	493	460	471	570	415
मध्य प्रदेश	560.00	595.00	630.00	537.00	559.00	1419.76	1433.25	1801.06	1535.19	1016.07	431	410	486	486	309
महाराष्ट्र	4409.97	4182.44	4234.47	4122.98	3854.73	8249.24	8315.67	8045.49	7372.86	7890.85	318	338	323	304	348
ओडिशा	193.11	216.31	216.31	238.62	239.41	625.91	704.92	704.92	822.54	849.20	551	554	554	586	603
पंजाब	251.30	248.90	213.80	160.40	141.80	645.99	443.63	628.82	414.21	346.16	437	303	500	439	415
राजस्थान	755.86	814.61	1003.79	627.39	643.70	2480.99	2774.47	2621.66	1786.22	1794.78	558	579	444	484	474
तमिलनाडु	147.91	173.27	129.73	102.36	50.54	301.91	319.02	251.83	210.74	112.08	347	313	330	350	377
तेलंगाना	1889.00	1972.90	1818.00	1812.31	2052.01	4878.06	5744.62	5079.71	5788.73	6083.61	439	495	475	543	504
अन्य	17.07	12.03	15.54	30.45	28.96	28.11	20.38	26.97	55.77	53.86	280	288	295	311	316
अखिल भारतीय	12371.52	12926.80	12687.64	11483.62	11482.45	31117.59	33660.19	32522.02	29724.18	29091.24	428	443	436	440	431

वर्ष 2025-26 का डेटा दूसरे अग्रिम अनुमान का है

 # 1 गांठ = 170 किलोग्राम

अनुबंध- II

राज्य	वर्ष 2024-25				वर्ष 2025-26*			
	एमएसपी के तहत कपास की खरीद		मूल्य (करोड़ रुपये में)	किसानों से किए गए ट्रांज़ैक्शन की लगभग सं. (लाख में)	एमएसपी के तहत कपास की खरीद		मूल्य (करोड़ रुपये में)	किसानों से किए गए ट्रांज़ैक्शन की लगभग सं. (लाख में)
	बीज कपास (लाख क्विंटल में)	समतुल्य लिंट (लाख गठिं)			बीज कपास (लाख क्विंटल में)	समतुल्य लिंट (लाख गठिं)		
पंजाब	0.08	0.02	6.14	0.00	2.30	0.47	180	0.12
हरियाणा	3.00	0.62	219.72	0.12	9.91	2.04	777	0.47
राजस्थान	2.46	0.50	181.87	0.08	16.72	3.46	1314	0.78
गुजरात	68.99	14.12	5148.33	2.48	97.69	20.03	7852	3.06
महाराष्ट्र	144.55	29.41	10714.29	6.27	136.93	27.98	10883	6.71
मध्य प्रदेश	19.59	3.99	1441.09	0.90	27.47	5.59	2175	1.21
तेलंगाना	210.20	40.38	15556.95	8.92	163.42	31.73	12974	9.30
आंध्र प्रदेश	20.09	3.83	1478.13	0.71	19.99	3.90	1557	0.65
कर्नाटक	25.61	5.22	1892.38	0.90	34.27	7.01	2725	1.14
उड़ीसा	10.74	2.06	796.90	0.38	13.68	2.70	1080	0.46
पश्चिम बंगाल	0.01	0.002	0.92	0.00	0.01	0.00	1	0.00
तमिलनाडु	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल	**505.33**	**100.16**	**37436.73**	**20.77**	**522.39**	**104.91**	**41518**	**23.90**

*दिनांक 19.03.2026 तक की स्थिति

*****